# ULB

## MUNICIPAL CORPORATION, BHARATPUR

Bharatpur - 321001



Minimum Government, Maximum Governance

# *E-News Letter*
# *May, 2017*

Local Self Government

# विश्व पर्यावरण दिवस



5 जून, 2017 को शहर के लोगों को पर्यावरण व स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए विश्व पर्यावरण जागरूकता समारोह का आयोजन नगर विकास न्यास, भरतपुर के ऑडीटोरियम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमान जिला कलक्टर महोदय, भरतपुर ने पर्यावरण प्रदूषण व ग्लोबल वार्मिंग के बारे में चिंता व्यक्त की व लोगों को पर्यावरण की सुरक्षा की जरूरत को बताया। उन्होने नगर निगम के द्वारा किये जा रहे प्रयासों की तारीफ की व आगे तेज गति से पर्यावरण सुरक्षा करने हेतु निर्देश प्रदान किये। कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि श्रीमान उपनिदेशक (क्षेत्रीय), स्थानीय निकाय विभाग, भरतपुर द्वारा पर्यावरण के मुद्दों पर लोगों को संदेश दिया व शहर को ओ.डी.एफ. शीघ्र घोषित किये जाने हेतु तथा नौह कचरा प्लान्ट को जल्दी शुरू किये जाने हेतु निर्देश प्रदान किये। श्रीमान उपनिदेशक (क्षेत्रीय) महोदय द्वारा स्वच्छता के सभी घटकों के बारे में लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर महोदय श्री शिवसिंह भौंट जी द्वारा की गई, उन्होने बढते हुए तापमान पर चिंता जाहिर की व शहर में एन.यू.एल.एम. द्वारा लाये गये स्वयं सहायता समूहों के कामों की तारीफ की। नगर निगम के आयुक्त महोदय श्री शिवचरण मीना जी ने विस्तार से पर्यावरण के मुद्दों पर लोगों को जागरूक किया व नगर निगम द्वारा पर्यावरण संरक्षण व सुरक्षा के लिए किये जा रहे प्रयासों के बारे बताया। श्रीमान आयुक्त महोदय द्वारा स्वयं सहायता समूहों को ''पर्यावरण सहयोगी'' के नाम से परिचय पत्र जारी किये व कचरा बीनने वाले लोगों को ''स्वच्छता सहयोगी'' के नाम से 50 लोगों को ठोस कचरा प्रबंधन में उनकी भागीदारी बढाने हेतु परिचय पत्र जारी किये। श्री प्रदीप मिश्रा सहायक अभियन्ता (पर्यावरण व ठोस कचरा प्रबंधन) ने शहर को आगामी 1 वर्ष में पूर्ण रूप से कचरा मुक्त किये जाने के लक्ष्य के बारे में बताया।











# ***मुख्यमंत्री शहरी जन कल्याण शिविर***

fnukd 08-06-2017

मुख्यमंत्री शहरी जन कल्याण शिविर के अन्तर्गत प्रभारी मंत्री माननीय कालीचरण सर्राफ जी द्वारा शिविर स्थल गंगा मन्दिर प्रांगण में पट्टों का वितरण किया गया। इस अवसर पर माननीय महापौर श्री शिवसिंह भौंट जी, उपनिदेशक महोदय श्री लक्ष्मीकान्त बालोत जी एवं आयुक्त महोदय श्री शिवचरण मीना जी उपस्थित थे।







# ***अमृत योजना***

**अमृत योजना** के अन्तर्गत नगर निगम क्षेत्र में विभिन्न घटकों में निम्न प्रकार राशि स्वीकृत की है –

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | वाटर सप्लाई | – | राशि 50.00 करोड़ |
| 2. | सीवरेज | – | राशि 79.66 करोड़ |
| 3. | ग्रीन स्पेस एण्ड पार्कस् | – | राशि 02.50 करोड़ |
| | **कुल योग** | – | **राशि 132.16 करोड़** |

1. वाटर सप्लाई – वाटर सप्लाई का कार्य जनस्वास्थ्य अभियान्त्रिकी विभाग द्वारा किया जा रहा है।
2. सीवरेज – दिनांक 24.03.2017 को L & T कम्पनी को सीवरेज का कार्यादेश नगर निगम द्वारा जारी कर दिया है। L & T कम्पनी द्वारा सर्वे का कार्य शुरू कर दिया है।

| Cost of Capital (in Lacs) | 10 Year O&M Cost (in Lacs) | Provisional SUM (in Lacs) | Total |
|---|---|---|---|
| 916537752 | 122378000 | 15900000 | 1054815752 |

3. ग्रीन स्पेस एण्ड पार्कस् – ग्रीन स्पेस पार्कस् की डीपीआर राज्य स्तर पर S.L.T.C. (स्टेट लेबिल टैक्नीकल कमेटी) की बैठक दिनांक 15.09.2016 में 2.5 करोड़ रू. स्वीकृत हो चुके हैं। निविदा जारी कर दी गई है।

# स्वच्छ भारत मिशन

स्वच्छ भारत मिशन के व्यक्तिगत शौचालय निर्माण घटक में अब तक कुल 6422 आवेदन ऑनलाईन अपलोड किये गये है, तथा 6093 आवेदन पत्रों का वैरिफिकेशन एवं 6093 एप्रूब्ड किये जा चुके हैं। सभी लाभार्थियों के खाते में प्रथम किश्त हस्तान्तरित की जा चुकी हैं। 2563 शौचालयों का निर्माण हो चुका है, शेष का कार्य प्रगति पर है।

सिटी सेनिटेशन प्लांट को एस.बी.एम. साइट पर अपलोड कर दिया जा चुका हैं। वर्तमान में 22 कम्यूनिटी एवं पब्लिक टॉयलेट संचालित हैं। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत इन शौचालयों का अपग्रेडेशन कराने हेतु डीपीआर तैयार कराई जा रही है।

# सोलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट

उक्त योजना अन्तर्गत सम्बन्धित फर्म से दिनांक 24.08.2016 को एग्रीमेन्ट कर सम्बन्धित फर्म ROLLZ MATERIAL HANDLING SYSTEM PRIVATE LTD., NEW DELHI को कार्यादेश दिनांक 10.10.2016 को जारी कर दिया गया है। फर्म ने साइट पर सर्वे कार्य शुरू कर दिया है। E.C. प्राप्त करने हेतु फर्म ने प्रदूषण मंडल, जयपुर में आवेदन कर दिया है। E.C. प्राप्त होने पर कार्य शुरू कर दिया जावेगा।

# राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन

**एस.एम.आई.ड़ी** घटक के तहत महिलाओं के 205 स्वंय सहायता समूह का गठन किया जा चुका है। इनमें से अभी तक 130 समूहों का बैंक लिंकेज हेतु खाते खुलवाये जा चुके है। एक आर.ओ. को 32 समूहों को रिवाल्विंग फण्ड जारी किया जा चुका है, तथा 40 समूहों को शीघ्र ही रिवाल्विंग फण्ड जारी किया जा रहा है।

**ई.एस.टी.पी.** घटक के तहत नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत माह अक्टूबर, 2016 तक 885 आवेदन तैयार कराकर आर.एस.एल.ड़ी.सी को प्रशिक्षण दिलाने हेतु प्रेषित किये जा चुके है। जिनमें से अभी तक मात्र 77 आवेदकों का प्रशिक्षण कार्य हो चुका है, तथा 80 आवेदकों को RSLDC द्वारा प्रशिक्षण दिलाया जा रहा है।

स्वरोजगार घटक के अंतर्गत माह अक्टूबर, 2016 तक 711 व्यक्तिगत आवेदन पत्रों को ऋण हेतु बैंक को प्रेषित किये जा चुके है। जिनमें से 112 व्यक्तिगत आवेदन पत्रों को बैंक द्वारा ऋण स्वीकृत हो चुका है, एवं 50 आवेदनकर्त्ताओं को 29.85 लाख का ऋण वितरित हो चुका है।

आश्रय स्थल घटक के तहत नगर निगम, भरतपुर में वर्तमान में 2 पूर्व निर्मित आश्रय स्थलों का विधिवत संचालन हो रहा है, तथा अन्य दो नये आश्रय स्थल बनकर तेयार हो चुके हैं, जिनका शीघ्र ही जनहित में लोकार्पण किये जाने की तैयारी चल रही

स्ट्रीट वैण्डर घटक के तहत् शहरी क्षेत्र में 2166 वैण्डर्स चिन्हित किये गये हैं तथा श्रीमान जिला कलक्टर महोदय के निर्देशानुसार निगम क्षेत्र में वैण्डर्स के हितार्थ टाउन वैण्डिंग कमेटी का गठन पूर्ण हो चुका है। शीघ्र ही कमेटी की मीटिंग बुलाकर वैण्डिंग और नॉनवैण्डिंग जोन निर्धारित किये जावेंगे, साथ ही फुटकर विक्रेताओं को बैठने की जगह उपलब्ध करायी जावेगी।

## Contacts Us:

**BHARATPUR, MUNICIPAL CORPORATION,**
**NEAR MATHURA GATE, BHARATPUR.**
**e-mail: bhartpur.jaipur@gmail.com**
**Phone No.: 05644 - 222170**